
Awareness Programme
on
ation for Everyone
under
Bharat Abhiyan (UBA
A++
NAAC
Organised by:
am (Autonomous) C
Muzaffarnagar
GPS Map Camera
Mahmoodpur Mazara, Uttar Pradesh, India
Upper Ganga Canal Rd, Mahmoodpur Mazara, Uttar Pradesh
251308, India
Lat 29.486759° Long 77.878025°
Tuesday, 07/07/2026 11:54 AM GMT +05:30
Google

# श्री राम कॉलेज स्वायत्तशासी महाविद्यालय के उन्नत भारत प्रकोष्ठ द्वारा शिक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




मुजफ्फरनगर, 08 जुलाई (बुस.)। श्री राम कॉलेज स्वायत्तशासी महाविद्यालय के उन्नत भारत प्रकोष्ठ द्वारा गोद लिए गए ग्राम भोपा एवं महमूदनगर माजरा में शिक्षा सबके लिए विषय पर एक दिवसीय शिक्षा जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ना तथा समाज में शिक्षा के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना था। शिक्षा प्रत्येक व्यक्ति का मौलिक अधिकार होने के साथ-साथ सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक विकास की आधारशिला है। एक शिक्षित व्यक्ति न केवल अपने जीवन को बेहतर बनाता है, बल्कि अपने परिवार, समाज एवं राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों को शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए बच्चों की नियमित विद्यालय उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का संचालन उन्नत भारत प्रकोष्ठ के समन्वयक विकास कुमार के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा समाज में समान अवसर प्रदान करने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने ग्रामवासियों को सर्व शिक्षा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बालिका शिक्षा, वयस्क शिक्षा, डिजिटल साक्षरता, विद्यालयों में नियमित उपस्थिति, सरकारी शैक्षिक योजनाओं, छात्रवृत्ति योजनाओं तथा नई शिक्षा नीति के प्रमुख बिंदुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही विद्यालय छोड़ चुके बच्चों को पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने की अपील करते हुए अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा के प्रति विशेष जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में बायो साइंस विभाग के सहायक प्रवक्ता अंकित कुमार ने कहा कि शिक्षा ही वह शक्ति है, जो व्यक्ति के व्यक्तित्व का विकास करने के साथ-साथ समाज को प्रगतिशील और आत्मनिर्भर बनाती है। उन्होंने समस्त ग्रामवासियों, अभिभावकों, छात्र-छात्राओं, युवाओं, शिक्षकों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे मिलकर यह संकल्प लें कि गांव का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे तथा प्रत्येक परिवार शिक्षा को अपने जीवन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल करे। उन्होंने विशेष रूप से बालिका शिक्षा, नैतिक शिक्षा एवं डिजिटल शिक्षा के महत्व पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने शिक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों पर अपने प्रश्न भी पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा सरल एवं प्रभावी ढंग से समाधान किया गया। उपस्थित ग्रामीणों ने बच्चों की नियमित शिक्षा, विद्यालयों में शत-प्रतिशत उपस्थिति तथा शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करने का संकल्प लिया। ग्राम भोपा एवं महमूदपुर माजरा के ग्रामवासियों ने श्रीराम कॉलेज स्वायत्तशासी महाविद्यालय द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के प्रसार हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए ऐसे कार्यक्रमों को समय-समय पर आयोजित करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के समापन पर उन्नत भारत प्रकोष्ठ की ओर से भविष्य में भी शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण एवं सामाजिक जागरूकता से संबंधित विभिन्न जनहित कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर संचालित करने का संकल्प व्यक्त किया गया।